आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

दिनांकः 22.10.2024 समय : 09:00 ए.एम.

..............................

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, आज नई दिल्ली में पांचवें राष्ट्रीय जल पुरस्कार करेंगी प्रदान।
- राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेन्ट समिट से पहले आज शाहपुरा और बारां में जिलास्तरीय इन्वेस्टर मीट का आयोजन।
- राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से आज से आयोजित की जा रही है समान पात्रता परीक्षा–**सीईटी**–परीक्षा के सफल आयोजन के लिए प्रशासन ने किये है व्यापक प्रबंध।
- प्रदेश में कमजोर पश्चिमी विक्षोभ के असर से कई स्थानों पर बारिश।

..............................

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, आज नई दिल्ली में पांचवें राष्ट्रीय जल पुरस्कार प्रदान करेंगी। केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय ने नौ श्रेणियों में 38 विजेताओं की घोषणा की है। इनमें सर्वश्रेष्ठ राज्य, जिला, ग्राम पंचायत, शहरी स्थानीय निकाय, जल प्रयोक्ता् संघ और सिविल सोसाइटी की श्रेणियां शामिल हैं। सर्वश्रेष्ठ राज्य की श्रेणी में ओडिशा ने पहला स्थान हासिल किया है। प्रत्येक विजेता को प्रशस्ति पत्र और ट्रॉफी के साथ–साथ नकद पुरस्कार प्रदान किये जाएंगे। गौरतलब है कि केन्द्र सरकार, जल प्रबंधन और जल संरक्षण के बारे में जागरूकता लाने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर एक व्यापक अभियान चला रही है। राष्ट्रीय जल पुरस्कारों के लिए देशभर से ऐसे व्यक्तियों और संगठनों को चुना जाता है जो सरकार के जल समृद्ध भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में कार्य और प्रयास कर रहे हैं।

..............................

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि भारतीय कला, खास तौर पर नृत्य, संघर्ष और मतभेद से विभाजित दुनिया में एकजुटता का एक मॉडल पेश करता है। नई दिल्ली में भारतीय नृत्य पर अंतर्राष्ट्रीय महोत्सव में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा नृत्य कलाकार संस्कृति और शांति के दूत हैं, जो संवाद को बढ़ावा देते हैं और शांत कूटनीतिक युद्धाभ्यास के लिए आधार भी तैयार करते हैं। उन्होंने सीमाओं के पार लोगों को एकजुट करने के लिए भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की शक्ति पर जोर देते हुए कहा कि भारतीय कला प्रकाश स्तम्भ का कार्य करती है।

..............................

दिसम्बर में आयोजित होने वाली राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेन्ट समिट से पहले जिलों में आयोजित हो रही इन्वेस्टर मीट के तहत विभिन्न क्षेत्रों में निवेश के लिए समझौते किए जा रहे है। जयपुर जिले में निवेश प्रोत्साहन के लिए जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने कल वित्त विशेषज्ञों से विचार विमर्श किया। बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि जयपुर, जयपुर ग्रामीण और दूदू जिलों की जिला स्तरीय इन्वेस्टर्स मीट का आयोजन 8 नवंबर को जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, में किया जाएगा। मीट के सफल आयोजन के लिए संपूर्ण जिले के उद्यमियों से संपर्क किया जा रहा है। बैठक में 2000 करोड़ रूपये के निवेश के प्रस्तावों पर सहमति बनी है। उधर बारां जिले में आज इन्वेस्टर मीट का आयोजन हो रहा है। जिला प्रभारी मंत्री ओटाराम देवासी इसकी अध्यक्षता करेंगे। कार्यक्रम में सांसद, विधायकगण, अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहेंगे। शाहपुरा जिले में भी आज इनवेस्टर मीट के जिलास्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा हैं। इसको लेकर उधमियों में खासा उत्साह देखा जा रहा हैं। जिले में 1 हजार 435 करोड़ के एमओयू साइन किये जाएंगे जिनसे 4 हजार 465 लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है।

..............................

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से आज से समान पात्रता परीक्षा–सीईटी शुरू हो रही है। 24 अक्टूबर तक आयोजित होने वाली इस परीक्षा में करीब 18 लाख से ज्यादा अभ्यर्थी पंजीकृत किये गये है। जयपुर में डेढ सौ परीक्षा केन्द्रों पर इसका आयोजन किया जा रहा है जिनमें तीन लाख ग्यारह हजार से ज्यादा अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। अभ्यर्थियों के लिए राजस्थान रोडवेज की बसों में निःशुल्क यात्रा

की व्यवस्था की गई हैं। परीक्षा के सफल संचालन के लिए उप समन्वयक और उडन दस्ते तैनात किये गये है। कोटपूतली बहरोड जिले से हमारे संवाददाता ने बताया कि वहां 16 परीक्षा केन्द्रों पर 31 हजार से ज्यादा परीक्षार्थी परीक्षा में भाग लेंगे।

..............................

भीलवाड़ा जिले में 24 परीक्षा केन्द्रो पर 43 हजार 658 परीक्षार्थी और सवाईमाधोपुर जिले में 33 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होने वाली परीक्षा में 56 हजार 188 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे।

..............................

पुलिस महानिदेशक उत्कल रंजन साहू ने प्रदेश में पुलिसिंग के क्षेत्र में सराहनीय कार्यों के लिए 61 पुलिस अधिकारियों और कार्मिकों को 'महानिदेशक पुलिस प्रशस्ति डिस्क और प्रशस्ति रोल' तथा 'महानिदेशक पुलिस डिस्क और प्रशस्ति रोल' सहित नकद ईनाम, प्रशस्ति पत्र के साथ देने की मंजूरी दी है। एडीजी मालिनी अग्रवाल, एडीजी विशाल बंसल और एडीजी विजय कुमार सिंह को भी डीजीपी डिस्क देने की घोषणा की गई है। इन पुलिस अधिकारियों और पुलिस कर्मियों को आगामी दिनों में आयोजित होने वाले समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

..............................

जोधपुर में संभाग स्तरीय अमृता हाट मेले की कल से शुरूआत हुई। महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से लगाये जाने वाले इस मेले में इस बार राज्यभर से 80 से अधिक स्वयं सहायता समूहों की स्टॉल्स लगाई गई हैं। यहां लाख की चूड़ियां, कशीदाकारी कपड़े, हस्तनिर्मित ज्वैलरी मोजड़ी,  खाद्य उत्पाद और कई अन्य पारंपरिक हस्तशिल्प उत्पाद प्रदर्शित किए गए हैं। इस आयोजन का उद्देश्य प्रदेश के दूरदराज क्षेत्रों में काम करने वाली महिला स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों को एक बड़ा बाजार उपलब्ध कराना है। यह मेला 27 अक्टूबर तक पाली रोड स्थित अरबन हाट परिसर में आयोजित किया जा रहा है। हाट में घूंघट मुक्त राजस्थान अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें महिलाओं को घूंघट प्रथा समाप्त करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। साथ ही, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत कई संगोष्ठियां होंगी।

..............................

प्रदेश में कमजोर पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से पिछले 24 घंटों में विभिन्न स्थानों पर बादल छाये रहे। कहीं–कहीं बूंदाबांदी हुई। वहीं कुछ स्थानों पर अच्छी बारिश दर्ज की गई। चित्तौड़गढ़ में अचानक मौसम का मिजाज बदला। शाम को तेज हवाओं के साथ बरसात हुई। बेमौसम हुई इस बरसात से खेतो में कटी हुई फसलो को नुकसान पहुंचने की आशंका है। जोधपुर ग्रामीण जिले में शाम को तेज आंधी के साथ ओसियां,शेरगढ़,पीपाड़,भोपालगढ़, तिंवरी और बिलाड़ा उपखंड में बारिश हुई। भीलवाड़ा जिले में माण्डल और सहाड़ा क्षेत्र में कहीं जगह तेज हवाओं के साथ बरसात हुई। वहीं शाहपुरा के बनेड़ा , रायला और कोटड़ी क्षेत्र में भी तेज हवाएं चली और बरसात हुई। उधर भरतपुर जिले में कल शाम तेज अंधड़ से लोगों को परेशानी का सामना करना पडा। कई स्थानों पर बिजली के खंभे गिरने से विद्युत आपूर्ति प्रभावित हुई। मौसम विभाग के अनुसार आज अजमेर और पाली में बरसात की संभावना है।

..............................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 27 अक्टूबर को आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 115वीं कड़ी होगी।

..............................